

# न्यूज मीडिया टुडे

पेज 4 परिवार के साथ किया विश्वासघात

**लोकसभा चुनाव :** 12 राज्यों की 121 सीटों पर शांतिपूर्ण वोटिंग, प्रदेश की सभी 20 सीटों के प्रत्याशियों का भाग ईवीएम में बंद

# पांचवे चरण में मतदान का रिकॉर्ड

**जयपुर . नई दिल्ली .** लोकतंत्र के उत्सव का सबसे बड़े पांचवां चरण में 16 अप्रेल को मतदाताओं ने दी रिकॉर्ड आहुति। राजस्थान की 20 समेत 12 राज्यों की 121 सीटों पर को भारी वोटिंग हुई। जयपुर लोकसभा सीट पर अब तक के सारे रिकॉर्ड टूटे और 65.91 फीसदी मतदान हुआ। इससे पहले जयपुर में 1989 के लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक 58.79 फीसदी वोटिंग हुई थी। राज्य में भी इस बार रिकॉर्ड 63.39 फीसदी मतदान हुआ। सर्वाधिक मतदान बाड़मेर सीट पर 73.70 फीसदी व सबसे कम पाली में 57.35 फीसदी दर्ज हुआ। इससे पहले 1998 में 60.26 फीसदी मतदान का रिकॉर्ड था।

### अन्य राज्यों में मतदान

| राज्य | '09 | '14 |
|---|---|---|
| कर्नाटक | 59 | 66 |
| ओडिशा | 66 | 70 |
| मणिपुर | 77 | 74 |
| एमपी | 46 | 54 |
| प. बंगाल | 81 | 82 |
| जेएंडके | 45 | 70 |
| झारखंड | 58 | 62 |
| छग | 57 | 64 |
| बिहार | 39 | 56 |
| महाराष्ट्र | 54 | 61 |
| यूपी | 55 | 63 |



जयपुर के शास्त्री नगर में बच्चियों ने भी अंगुली पर स्याही लगवा मां से फोटो खिंचवाया तो लगा लोकतंत्र का भविष्य भी उज्ज्वल है।

### राजस्थान की सीटों पर मतदान प्रतिशत

| सीट | 2009 | 2014 | सीट | 2009 | 2014 |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रीगंगानगर | 60.97 | 73.11 | जयपुर | 48.26 | 65.91 |
| झालावाड़-बारां | 60.29 | 68.21 | जयपुर ग्रामीण | 47.54 | 60.16 |
| बाड़मेर | 54.49 | 73.70 | कोटा | 45.55 | 65.87 |
| अजमेर | 53.00 | 68.73 | जोधपुर | 45.25 | 62.23 |
| बांसवाड़ा | 52.80 | 67.05 | पाली | 42.98 | 57.35 |
| चूरू | 52.45 | 64.74 | झुंझुनूं | 42.03 | 59.99 |
| भीलवाड़ा | 50.56 | 63.41 | बीकानेर | 41.26 | 58.30 |
| चित्तौड़गढ़ | 49.66 | 63.64 | नागौर | 41.07 | 59.59 |
| उदयपुर | 48.51 | 64.94 | राजसमंद | 39.73 | 57.74 |
| सीकर | 48.14 | 60.37 | जालौर-सिरोही | 37.98 | 59.62 |

* निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़े

## लापता विमान का अपहरण

**मास्को .** लापता मलेशियाई विमान के ब्लैक बॉक्स की बैटरी खत्म होने की आशंका और तलाशी के बीच रूसी खुफिया एजेंसी ने सनसनीखेज दावा किया। ब्रिटिश अखबार डेली मिरर ने रूसी खुफिया एजेंसी के हवाले से लिखा है, विमान दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ, बल्कि उसका अपहरण हुआ है। विमान अभी कंधार में पाकिस्तान सीमा के पास कहीं रखा गया है और उसमें सवार सभी 239 लोग जीवित हैं। सबसे पहले रूसी अखबार मास्कोव्स्की कोम्सोमोलेट्स ने खुफिया सूत्रों के हवाले से यह खबर दी थी। अखबार ने लिखा है, आतंकी अब अमरीका या चीन के साथ सौदेबाजी शुरू कर सकते हैं।

## साबित हुआ, मन कमजोर पीएम

*नई दिल्ली. वरिष्ठ संपादक और साल 2004 से 2008 के बीच प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार रहे संजय बारू की किताब 'द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर-द मेकिंग एंड अनमेकिंग ऑफ मनमोहन सिंह' की विषय सामग्री को लेकर भाजपा ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर निशाना साधा है।*

### यह है किताब में

किताब की पृष्ठ संख्या 301 के अनुसार प्रधानमंत्री ने बारू से कहा कि इससे भ्रम पैदा होता है। मुझे स्वीकार करना है कि पार्टी अध्यक्ष सत्ता का केंद्र हैं। सरकार पार्टी के प्रति जवाबदेह है। बारू ने लिखा है कि 2009 में कांग्रेस को चुनावी जीत दिलाने के बाद सिंह ने इस बात की कल्पना करके प्रमुख गलती की कि यह जीत उनकी है। उन्होंने खुद को समझ लिया होगा कि उनके प्रदर्शन और नियति ने उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाया, न कि सोनिया ने।

### आत्मचिंतन करें प्रधानमंत्री : जेटली



पीएम को आत्मचिंतन करना चाहिए। 10 साल के राज पर विचार करना चाहिए कि कैसे उनके शासन से असर पड़ा है और नतीजा क्या रहा है। लोकतंत्र में पार्टी आवश्यक अंग है। सरकार पार्टी से बनती है लेकिन सरकार की जवाबदेही जनता के प्रति है न कि पार्टी के प्रति।

**अरुण जेटली,** भाजपा नेता

### पीएम के सहयोगी ने किया अधिकृत: आडवाणी

**अहमदाबाद. भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने कहा कि पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को अब तक के सबसे कमजोर प्रधानमंत्री बताने की उनकी बात की पुष्टि संजय बारू ने की है। प्रधानमंत्री के मीडिया सहयोगी संजय बारू की किताब 'एक्सीडेंटल पीएम' में सोनिया गांधी के हाथ में असली सत्ता बताए जाने पर प्रतिक्रिया में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने यह बात कही।**

सरकार ने दी मंजूरी, नेपाल-भूटान सीमा पर होगी तैनाती

## अब एसएसबी महिला अफसर संभालेंगी मोर्चा

**नई दिल्ली.** पांच दशक पुराने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में पुरुषों के वर्चस्व को तोड़ते हुए सरकार ने देश के दूसरे सबसे बड़े इस सशस्त्र बल में महिलाओं की मोर्चे पर तैनाती अधिकारियों के रूप में भर्ती को मंजूरी दे दी है। भर्ती के बाद महिला एसएसबी अधिकारियों की नेपाल और भूटान से लगती सीमाओं पर तैनाती हो सकेगी। 25 वर्ष की उम्र तक की महिलाओं को सीधे सहायक कमांडेंट स्तर के अधिकारी के रूप में भर्ती किया जाएगा।

### भर्ती नीति पर याचिका

सेना की भर्ती नीति पर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। पहले याचिका में आरोप था, सेना में धर्म, जाति और क्षेत्र के आधार पर भर्ती की जाती है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ता ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने सेना के जवाब में उस अहम बिंदू पर ध्यान नहीं दिया, जिसमें एक तरह से स्वीकार किया गया कि सेना में जाति, प्रांत और धर्म के आधार पर भर्ती होती है।

## जस्टिस आर.एम. लोढ़ा बने 41वें सीजेआई

**राष्ट्रपति** प्रणब मुखर्जी ने राष्ट्रपति भवन में जस्टिस आरएम लोढ़ा को देश के 41वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के पद की शपथ दिलाई। जोधपुर में जन्मे 64 वर्षीय लोढ़ा अगले पांच माह सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई बने रहेंगे। उनका कार्यकाल इस साल 27 सितंबर को समाप्त होगा। वे 17 दिसंबर 2008 को सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश बने थे।



मैं उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों के निश्चित कार्यकाल के पक्ष में नहीं हूं, पर न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए बने कोलेजियम का पक्षधर हूं।

**जस्टिस आर.एम. लोढ़ा,** शपथ लेने के बाद बोले

## टेस्ट में खरी उतरी इंटरसेप्टर मिसाइल

**बालेश्वर (ओडिशा).** डीआरडीओ ने नई इंटरसेप्टर मिसाइल का ओडिशा के तट पर सफल परीक्षण किया। मिसाइल ने अधिक ऊंचाई से अपनी ओर दागी गई एक लंबी दूरी की मिसाइल को पलभर में नष्ट कर दिया। इसका परीक्षण व्हिलर द्वीप के समन्वित स्थल स्थित प्रक्षेपण पैड- 4 से सुबह करीब नौ बजकर 10 मिनट पर किया गया। दुश्मन की ओर से आने वाले मिसाइल के रूप में पेश लक्ष्य को नौसेना के जहाज से सुबह 9.06 बजे दागा गया था और राडार से संकेत मिलने के बाद इस इंटरसेप्टर मिसाइल को सक्रिय किया गया।

## सरकार ने बताए 18 काले चोरों के नाम

- **लिख्टेंस्टाइन बैंक में थे खाते, 8 अन्य के नाम भी सुप्रीम कोर्ट को सौंपे**

**नई दिल्ली .** केंद्र सरकार ने लिख्टेंस्टाइन बैंक के सभी 26 खाताधारकों के नाम सुप्रीम कोर्ट को सौंप दिए हैं। साथ ही 18 खाताधारकों के नाम सार्वजनिक कर दिए जिनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। केंद्र ने शेष 8 खाताधारकों के नाम सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे हैं।

जर्मनी ने इन खाताधारियों के नामों की जानकारी जर्मनी ने वर्ष 2009 में सरकार को दी थी।

**हर्षद मेहता का भी नाम :** उजागर किए गए 18 नामों में धुपेलिया परिवार के पांच सदस्य जो अम्ब्रुनोवा ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं, मानीची ट्रस्ट के चार सदस्य, रुवीशा ट्रस्ट के 4 सदस्य, वेबस्टर फाउंडेशन के केएम मामेन तथा दो अन्य हैं। इनमें शेयर दलाल हर्षद मेहता का नाम भी शामिल है। मेहता की मौत हो चुकी है।

# लालकोठी फल-सब्जी मंडी में भीषण आग



**जयपुर**
सहकार मार्ग स्थित लालकोठी फल-सब्जी मंडी में 30 अप्रेल की शाम करीब 4.45 बजे भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते करीब डेढ़ दर्जन थोक दुकानों सहित सौ से अधिक ठेले-थड़ियों को चपेट में ले लिया।आग इतनी भीषण थी कि धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। सूचना पर पहुंची 18 दमकलों ने करीब 55 अतिरिक्त फेरे लगाकर तीन घंटे में आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्य सचिव राजीव महर्षि और जिला कलक्टर कृष्ण कुणाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार को नुकसान का सर्वे करने और पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। साथ ही प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजे का आश्वासन दिया। सर्वे में देर रात तक प्रशासन ने आग से 85 लोगों को प्रभावित माना है। पुलिस के मुताबिक आग के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# टीएसपी में खनन पट्टा आवंटन से हटेगी रोक



**बांसवाड़ा.** जनजाति उपयोजना क्षेत्र में नवीन खनन पट्टा आवंटन एवं पूर्वेक्षण अनुज्ञापत्र स्वीकृति पर वर्षों से लगी रोक हटाकर राजस्थान सरकार टीएसपी क्षेत्र को लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद नई सौगात दे सकती है। उच्च स्तर पर इसकी कवायद भी शुरू हो गई है। सरकार ने खनन पट्टा आवंटन व पूर्वेक्षण अनुज्ञापत्र स्वीकृत पर लगी रोक हटाने से राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की विस्तृत रिपोर्ट भी मांग ली है। बैन हटने के साथ ही क्षेत्र का विकास हटने के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। साथ में सरकारी राजस्व में भी वृद्धि होगी।

### वागड़ में अपार खनिज भण्डार

टीएसपी क्षेत्र बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सिरोही के आबूरोड एवं पिंडवाड़ा, उदयपुर सहित अन्य क्षेत्रों में प्रधान खनिज मुख्यतः मैग्नीज, डोलोमाइट, सोप स्टोप, ग्रेफाईट, क्वाटर्ज, सीमेंट ग्रेड लाईम स्टोन, सोना एवं अप्रधान खनिजों में मार्बल, मैसनरी स्टोन, लाईम स्टोन, बजरी सहित अन्य खनिजों के अपार भण्डार हैं।

## पंकज बने सुप्रीम कोर्ट में रजिस्ट्रार

**जयपुर.** राजस्थान न्यायिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पंकज भंडारी सुप्रीम कोर्ट में रजिस्ट्रार नियुक्त हो गए हैं। वे बुधवार को नया पदभार संभालेंगे। राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने मंगलवार को उन्हें नया पद संभालने के लिए रिलीव कर दिया।



## एआईएस : 10 फीसदी डीए बढ़ा

**जयपुर .** ऑल इंडिया सर्विसेज (आईएएस, आईपीएस, आई एफएस) के अधिकारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 10% की बढ़ोतरी की गई है। इनका डीए अब 100% हो गया है। यह एक जनवरी 2014 से लागू होगा।

## 6 लाख परिवार, 15 दिन भी नहीं काम

**बाड़मेर.** मनरेगा में जहां एक ओर सौ और डेढ़ सौ दिन काम दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर काम नहीं करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वित्तीय वर्ष 2013-14 में प्रदेश में 4 लाख 45 हजार परिवारों ने मनरेगा के तहत सौ दिन का कार्य पूर्ण किया है जबकि 6 लाख तीन हजार परिवारों ने 15 दिन भी काम नहीं किया। बाड़मेर सहित अन्य पांच जिले हैं जहां तीस हजार से अधिक परिवारों ने मनरेगा में मजदूरी पंद्रह दिन से कम की है। इन जिलों में मजदूर नहीं मिलने की समस्या से काम लंबित होने की परेशानी है।

## पीटीईटी 11 मई को

**जोधपुर.** बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित प्री-टीचर एजुकेशन टेस्ट (पीटीईटी) के लिए प्रदेशभर में कुल 771 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। पीटीईटी समन्वयक प्रो. रमन दवे ने बताया कि 11 मई को आयोजित पीटीईटी के लिए 3 लाख 5 हजार 293 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

## जालोर पुलिस चेत जाती तो पकड़ा जाता पांडिया

### पड़ोसी गुजरात राज्य में छिपा रहा लम्बे समय तक

**पाली.** दारिया एनकाउंटर मामले में मुख्य कड़ी बिरजू ठेकेदार की हत्या का आरोपित हिस्ट्रीशीटर अनिल पांडिया पड़ोसी गुजरात राज्य में छिपा रहा, लेकिन जालोर पुलिस धूल में लट्ठ चलाती रही। यही नहीं जालोर-सिरोही के रास्ते गुजरात जाने वाली अवैध शराब के माफियाओं ने ही पांडिया को शरण दी। चुनावों में शराब की खेप पकड़ने वाली खाकी यदि इन माफियाओं तक पहुंचने का प्रयास करती तो भी उन्हें कुछ सूत्र मिलते। यही नहीं पांडिया ने गुजरात एवं राजस्थान में कई बार चक्कर लगाए और फर्जी नाम से ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट जैसे दस्तावेज भी बनवा लिए। ऐसे में राजस्थान पुलिस की गैंगवार करने वाले ऐसे हार्डकोर अपराधियों पर कमजोर नजर कई सवाल छोड़ रही है। यही नहीं पांडिया के साथ पकड़ा गया उसका गुर्गा फरारी काटने के लिए दुबई भी रह आया, लेकिन पुलिस को खबर तक नहीं हुई। जालोर पुलिस ने बीते छह माह में गुजरात जाती अवैध शराब की कई खेप जब्त की, लेकिन एक भी मामले में मुख्य सप्लायर तक नहीं पहुंची। पांडिया भी गुजरात में शराब तस्करी करता रहा है। यदि पुलिस इस पहलू पर गंभीर होती तो वह गिरफ्त में आ सकता था।

# सरकार फिर जाएगी दौरे पर

- कलक्टरों से मंगवाई रूट चार्ट की रिपोर्ट
- बजट सत्र के बाद इस दौरे की संभावना

**जयपुर**
आचार संहिता हटने के बाद अब राज्य सरकार जल्द ही भरतपुर संभाग की तरह एक और संभाग का दौरा करेगी। इसके लिए जोधपुर या बीकानेर सम्भाग में से किसी एक को चुना जा सकता है। केबिनेट की बैठक भी वहीं होगी। मुख्यमंत्री, मंत्री और आला अफसर वहां जाएंगे। प्रशासनिक सुधार विभाग ने सभी जिला कलक्टरों से उनके जिले की पंचायत समितियों, उपखंड मुख्यालय, तहसीलों, प्रमुख गांव-कस्बों का रूट चार्ट मंगवाया है।

जोधपुर व बीकानेर संभाग के रूट चार्ट आ गए हैं। सरकार का यह दौरा विधानसभा के बजट सत्र के बाद होने की सम्भावना है, क्योंकि आचार संहिता पूरी तरह हटने के बाद सरकार की पहली प्राथमिकता पूरा बजट पारित करवाना है। यह काम जून के अंत तक होना है। सत्र के बाद नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी से पहले सरकार किसी एक सम्भाग का दौरा कर सकती है।

### भरतपुर संभाग की शिकायतों के निपटारे की जांच

**मुख्यमंत्री** वसुंधरा राजे ने मुख्य सचिव राजीव महर्षि को निर्देश दिए हैं कि भरतपुर संभाग के दौरे के दौरान सामने आई सभी शिकायतों के निपटारे की जांच की जाए और यह देखा जाए कि जिन लोगों को शिकायतों का निपटारा करने के निर्देश दिए थे, वे काम वास्तव में हुए भी या नहीं। इसके लिए सरकार के अधिकारी शिकायतकर्ताओं से सम्पर्क कर पूछेंगे कि उनका काम अब तक हुआ कि नहीं। इसकी कवायद एक मई से शुरू होने की संभावना है।

## सहायक आयुक्त को दो वर्ष की कैद

**उदयपुर.** वाणिज्यिक कर विभाग के तत्कालीन सहायक आयुक्त तेजपाल धीरावत को घूस लेने के आरोप में दोषी मानते हुए विशेष न्यायाधीश, सेशन न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण मामलात) ने दो वर्ष के सश्रम कारावास व चार हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। धीरावत को ब्यूरो ने 30 अप्रेल 2002 को सीए राजेश माहूर के कर्मी दिनेश से साढ़े सात हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार था।

## कुएं में जहरीली गैस रिसाव से तीन मरे

**भरतपुर .** डीग थाना क्षेत्र के गांव शीशवाड़ा में कच्चे कुएं में जहरीली गैस के रिसाव होने से रमेश पहलवान (35), पीतम (35) और भगत सिंह (32) उर्फ हबुआ की दम घुटने से मौत हो गई। ये बोरिंग में मोटर के पंखे को निकालने के लिए कुएं में उतरे थे।

# चार साल में सर्वाधिक गर्म

**जयपुर.** अप्रेल खत्म नहीं हुआ है और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी शुरू हो गई है। जयपुर में लू के थपेड़ों से पारा 43 डिग्री पर जा पहुंचा, जो अप्रेल माह में चार साल में सर्वाधिक है। अजमेर, बीकानेर व चूरू में भी चार साल का रिकॉर्ड टूटा। प्रदेश में सबसे गर्म बाड़मेर (46.8 डिग्री) रहा, यहां पिछले 12 साल का रिकॉर्ड टूट गया। रात का पारा भी अधिकांश स्थानों पर 25 डिग्री से ऊपर रहा।



# हिरासत की चुनौती पर सुनवाई टली

**जयपुर.** आईएम सरगना तहसीन अख्तर और आतंकी वकास की मदद के आरोप में सीकर से पकड़े गए सभी छह युवकों को राजधानी की मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 29 अप्रेल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और एटीएस ने आतंकियों के सहयोगी होने के आरोप में मोहम्मद उमर, मोहम्मद आकिब, मोहम्मद वकार, अब्दुल माजिद, मोहम्मद वाहिद व मोहम्मद सज्जाद चौहान को मार्च के अंतिम सप्ताह में गिरफ्तार किया था। इनकी ओर से हाईकोर्ट और अधीनस्थ अदालत में हिरासत को चुनौती देते हुए प्रार्थना-पत्र पेश किया गया। इसमें रिहाई कराने का आग्रह भी है, लेकिन दोनों अदालतों में इस पर सुनवाई टल गई।

## सलमान को नाबालिग मानने का आदेश रद्द

जयपुर . जयपुर महानगर के जिला व सत्र न्यायालय ने जयपुर बम विस्फोट मामले के अभियुक्त सलमान को नाबालिग मानने का किशोर न्याय बोर्ड का आदेश रद्द कर दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक माहेश्वरी ने एटीएस की अपील पर यह आदेश दिया।

जिला न्यायालय के आदेश पर सुनवाई के दौरान किशोर न्याय बोर्ड अध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, सदस्य डॉ. शिवराज व प्रीति अग्रवाल ने अभियुक्त सलमान को 12 मार्च 2014 को नाबालिग माना था। इस आदेश के खिलाफ अपील पर एटीएस की ओर से लोक अभियोजक संत कुमार जैन ने पक्ष रखा।

## तबादले के लिए रची साजिश

**मनोहरथाना. झालावाड़.** कामखेड़ा थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में एक शिक्षिका शिमला शर्मा पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने का मामला पुलिस की जांच में झूठा पाया गया। शिक्षिका ने स्वयं का तबादला कराने के लिए गत 5 मार्च को यह साजिश रची थी। पुलिस ने मामले में सभी पहलुओं की जांच कर अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में पेश कर दी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। पुलिस उपअधीक्षक जगदीश बोहरा ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर 23 अप्रेल को अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में पेश की, जिसे 25 अप्रेल को मंजूर कर लिया गया।

## वरिष्ठता सूची जारी

**जयपुर.** कार्मिक विभाग ने आरएएस काडर में एक अप्रेल-2014 तक की स्थिति में वरिष्ठता सूचियां जारी कर दी है। जूनियर, सीनियर, सलेक्शन, सुपर टाइम और हायर सुपर टाइम स्केल के अफसरों की सूचियां जारी की गई है। संबंधित अधिकारी विभागीय वेबसाइट पर इन्हें देख सकते है और किसी तरह की परिवेदना पर विभाग में सम्पर्क कर सकते है।

# छेड़छाड़ पर तनाव,वाहन फूंके,जमकर पथराव

**जयपुर.** मोती डूंगरी रोड पर लोधों का चौक क्षेत्र में गत दिनों दो छात्राओं से छेड़छाड़ पर दो समुदायों के लोग आमने-सामने हो गए। घंटे भर उपद्रव मचा। पथराव हुआ।

तेजाब भरी बोतलें और बोतल बम फेंके गए। उपद्रवियों ने तीन बाइक फूंक दीं।

घंटेभर बाद पहुंची पुलिस पर भी पथराव हुआ, जिसमें एक थानाधिकारी सहित चार पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। पीसीआर वैन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस ने आंसू गैस के गोले दाग स्थिति पर काबू पाया। क्विक रेस्पॉन्स टीम रात 12 बजे हालात काबू में आने के बाद पहुंची। घटना में छह-सात लोग घायल हुए हैं।

देर रात पुलिस कमिशनर श्रीनिवास राव जंगा, एडिशनल कमिश्नर विशाल बंसल सहित 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहे।

**ऐसे भड़का मामला :**लोगों के अनुसार रात 9:30 बजे मोहल्ले की दो लड़कियां ट्यूशन पढ़कर घर आ रही थीं। इसी दौरान चौक के पास बाइक सवार तीन युवकों ने छात्राओं से छेड़छाड़ की।

मोहल्ले वालों के विरोध के बाद लड़के भाग गए, लेकिन महज 20 मिनट बाद ही काफी संख्या में वहां पहुंच मोहल्ले के लोगों पर पथराव करना शुरू कर दिया।

# सीबीआई ने माना विनिवेश में घोटाला!

- हिन्दुस्तान जिंक लि. में गड़बड़झाले की जांच पूरी
- हजारों करोड़ रुपए की गड़बड़ी सामने आई

**जोधपुर**
केन्द्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने उदयपुर स्थित हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के विनिवेश में हजारों करोड़ रुपए के गड़बड़झाले की प्रारम्भिक जांच (पीई) पूरी कर ली है।

जिसमें उसने विनिवेश में हजारों करोड़ रुपए के गड़बड़झाले की पुष्टि करते हुए अग्रिम कार्रवाई के संबंध में मार्गदर्शन के लिए पत्रावलियां दिल्ली स्थित मुख्यालय भेजी हैं।

मुख्यालय से हरी झण्डी मिलने के बाद लाभ लेने वाली कम्पनी के प्रतिनिधियों व दोषी सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार केन्द्र के विनिवेश मंत्रालय के सहयोग से स्टरलाइट कम्पनी ने वर्ष 2010 में लाखों करोड़ रुपए वाली हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड कम्पनी के 64 प्रतिशत शेयर मात्र बारह सौ करोड़ रुपए में खरीद लिए थे।

विनिवेश का निर्णय होने पर कम्पनी के शेयर काफी नीचे पहुंच गए थे। सरकार ने चार सौ करोड़ रुपए आरक्षित दर तय की थी। सौदा न होने व दुबारा मूल्यांकन करवाने पर शेयर दर और कम कर दी गई थी।

तब स्टरलाइट कम्पनी ने 26 प्रतिशत शेयर 445 करोड़ रुपए में खरीद लिए थे। इतना ही नहीं उसने पब्लिक से भी 24 प्रतिशत शेयर खरीद डाले थे। बाद में कुछ प्रतिशत और शेयर खरीदने का अधिकार मिलने पर कम्पनी ने कुल 64 प्रतिशत शेयर पन्द्रह सौ करोड़ रुपए में खरीदकर मालिकाना हक प्राप्त कर लिया था।

### डेढ़ सौ मिलियन टन खनिज भी था

सौदे के समय हिन्दुस्तान जिंक के पास 80 हजार करोड़ रुपए का डेढ़ सौ मिलियन टन खनिज भी था। करोड़ों रुपए की अन्य सम्पत्ति अलग से थी। कम मूल्यांकन के आधार पर यह शेयर खरीदे गए थे। जिससे सरकार को करीब एक लाख करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचा था।बड़े घोटाले की जानकारी मिलने के बाद सीबीआई ने गत वर्ष पीई दर्ज की और दस्तावेज एकत्रित कर जांच शुरू की थी। सीबीआई ने कम्पनी व वेदांता ग्रुप के मालिक अनिल अग्रवाल, विनिवेश मंत्रालय तथा उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, अजमेर, गुंटूर के कलक्टरों को नोटिस भेजे थे। इनसे प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर सीबीआई ने कम्पनी को हजारों करोड़ों रुपए का लाभ लेने का दोषी माना है। साथ ही कम्पनी को लाभ पहुंचाने में राज्य के कई जिलों के सरकारी कर्मचारियों को भी शामिल माना गया है।

# रिश्वत लेते धरा थानेदार

- एएसआई को भी रंगे हाथों पकड़ा
- धोखाधड़ी के मामले में एफआर की एवज में ली ढाई लाख की रिश्वत


अश्वनी शर्मा


धर्मपाल यादव

**झुंझुनूं.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) सीकर ने कोतवाली थानाधिकारी अश्वनी कुमार शर्मा और एएसआई धर्मपाल यादव को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत के ढाई लाख रुपए यादव से बरामद हुए, जबकि शर्मा को रिश्वत लेने का षड्यंत्र रचने के आरोप में गिरफ्तार किया। रिश्वत की राशि भूखंड के नाम पर धोखाधड़ी के एक मामले में एफआर लगाने की एवज में ली गई थी।

एसीबी के एएसपी डॉ. मूलसिंह राणा ने बताया कि झुंझुनूं की रीको कॉलोनी निवासी इंद्रजीत सिंह यादव ने 28 अप्रेल को ब्यूरो में शिकायत दी कि कोतवाली पुलिस थाने में झुंझुनूं के बाकरा रोड निवासी कासिम खां ने उसके खिलाफ भूखंड के नाम पर धोखाधड़ी का झूठा मामला दर्ज करवा रखा है। मामले को रफा-दफा करने और एफआर लगाने की एवज में जांच अधिकारी अश्वनी कुमार शर्मा व एएसआई धर्मपाल यादव तीन लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया तो सौदा ढाई लाख रुपए में तय हुआ। राशि मंगलवार सुबह 11 बजे तक देने की बात कही गई।

इंद्रजीत यादव सुबह करीब 11 बजे कोतवाली आया तो धर्मपाल यादव उसे मुख्य दरवाजे पर ही मिल गया। धर्मपाल ने उससे अखबार में लिपटे ढाई लाख रुपए लेकर अपने एक थैले में रख लिए।इशारा पाकर एसीबी ने धर्मपाल को वहीं पर दबोच लिया। फिर कोतवाली से थानाधिकारी अश्वनी को भी गिरफ्तार कर लिया। अश्वनी बीकानेर के अमरसिंह पुरा तथा एएसआई धर्मपाल झुंझुनूं के पचेरीकलां थानाक्षेत्र के रसूलपुर गांव का रहने वाला है।

### गवाह से जिरह फिर अधूरी

**जोधपुर.** कांकाणी में काले हरिणों के शिकार के करीब 15 साल पुराने मामले में वन विभाग के कर्मचारी भंवरलाल विश्नोई से जिरह मंगलवार को भी अधूरी रही। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (जोधपुर जिला) की अदालत में सलमान खान के अधिवक्ता हस्तीमल सारस्वत ने उनसे करीब एक घण्टे तक जिरह की। समयाभाव के कारण जिरह अधूरी रही। न्यायालय ने उनसे जिरह की अगली तिथि 17 मई तय की है।

# आसाराम की जेल अधीक्षक व डॉक्टरों से मिली भगत!

- पीड़ित पक्ष ने लगाया आरोप, पेश किया प्रार्थना पत्र, एसीबी से जांच की मांग

**जोधपुर**
गुरुकुल की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में जोधपुर जेल में बंद आसाराम की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

पीड़ित पक्ष ने आसाराम पर बीमारी का बहाना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वे जेल अधीक्षक व डॉक्टरों से मिलीभगत करके अस्पताल में भर्ती हुए हैं। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता पी.सी. सोलंकी व प्रमोद वर्मा ने सेशन न्यायालय (जोधपुर जिला) में यह प्रार्थना पत्र पेश किया।

उन्होंने इस प्रार्थना पत्र में आसाराम, डॉक्टर व जेल अधीक्षक की मिलीभगत का अंदेशा जताते हुए इसकी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से उच्च स्तरीय जांच करवाने का अनुरोध किया है।

**फैसला सुरक्षित**

**इसी** अदालत में मंगलवार को अभियोजन पक्ष की ओर से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 317 के तहत पेश किए गए प्रार्थना पत्र पर बहस पूरी हो गई। अभियोजन की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक राजूलाल मीणा ने कहा कि पीड़िता कुल दस बार अदालत में पेश हो चुकी है और बार-बार जिरह टाली जा रही है। ऐसे में अदालत सीआरपीसी की धारा 317 के तहत मुल्जिम की अनुपस्थिति में भी बचाव पक्ष के वकीलों को गवाह से जिरह के लिए आदेश दे सकती है। इसके विपरीत बचाव पक्ष का कहना था कि यह प्रावधान तो उन मुल्जिमों के लिए है, जो जमानत पर रिहा हो जाते हैं और बाद में अदालत में हाजिर नहीं होते हैं। इस मामले में आसाराम न्यायिक अभिरक्षा में है और बीमार होने के कारण अदालत में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं। लिहाजा, प्रार्थना पत्र खारिज किया जाए।

**रॉबर्ट वाड्रा का मामला** | सरकार स्तर पर ना जांच बैठाई, ना हुआ कोई फैसला

# चुनाव में खूब बना मुद्दा, अब तक कार्रवाई नहीं

**जयपुर**
कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा की भागीदारी वाली कम्पनियों द्वारा राजस्थान में खरीदी गई जमीनों का मामला चुनावी मुद्दा तो खूब बना, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक इस मामले में न जांच बैठाई और न कोई कार्रवाई की। यह मामला अभी भी सरकार के विचाराधीन ही है।

सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा की भागीदारी वाली पांच रीयट स्टेट कम्पनियों ने बीकानेर जिले में ढाई हजार बीघा से ज्यादा जमीन खरीदी थी। यह जमीनें पिछली कांग्रेस सरकार के समय खरीदी गई और उसी दौरान 1124 बीघा जमीन बेची गई।

भाजपा ने आरोप लगाए थे कि पिछली सरकार ने बीकानेर में वाड्रा की भागीदारी वाली कम्पनियों को जमीनें खरीदने में मदद की और बाद में यहां सोलर प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी। इससे यहां जमीनों के भाव बढ़ गए और इन कम्पनियों ने अच्छा मुनाफा कमाया।

भाजपा ने यह मामला संसद में बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल के जरिए उठवाया था। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इसे मुद्दा बनाया था। इसे भाजपा के ब्लैक पेपर में भी शामिल किया गया था।

लोकसभा चुनाव में भी यह मुद्दा बना हुआ है। प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद राजपा विधायक किरोड़ीलाल मीणा ने इस बारे में विधानसभा में एक प्रश्न लगाया था और इसके लिए राज्य सरकार ने सभी जिलों से जानकारी भी मंगवाई थी।

सूत्रों का कहना है कि यह पूरी जानकारी सरकार के पास आ चुकी है, लेकिन अभी तक इस मामले में सरकार स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कार्रवाई राजस्व और वित्त विभाग के अधीन पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग को करनी है।

**किसने कितनी जमीन खरीदी-बेची**

| कम्पनी | खरीदी | बेची |
|---|---|---|
| मैसर्स स्काई लाइट रियल्टी प्रा.लि. | 541 बीघा | 248 बीघा |
| नार्थ इंडिया आईटी पावर्स प्रा.लि. | 525 बीघा | 260 बीघा |
| ब्लू ब्रिज ट्रेडिंग प्रा.लि. | 499 बीघा | 266 बीघा |
| स्काई लाइट हॉस्पीटेलिटी प्रा.लि. | 555 बीघा | 245 बीघा |
| रीयल अर्थ एस्टेट प्रा.लि. | 382 बीघा | 104 बीघा |

आचार संहिता लागू होने से सूबे में वाड्रा मामले पर कार्रवाई नहीं हो पाई और ना ही जांच हो सकी। हम नूरा कुश्ती नहीं कर रहे, बल्कि इस मामले में गंभीर है। **निर्मला सीतारमन,** राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा

**पार्टियों के दावे**

पिछली सरकार के समय बीकानेर कलक्टर से रिपोर्ट मंगवाई गई। इसमें सरकारी हस्तक्षेप कहीं भी सामने नहीं आया। हिंदुस्तान के किसी भी नागरिक को जमीन खरीदने का अधिकार है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले भी ऐसे आरोप लगाए थे, लेकिन कहीं कोई सच्चाई है ही नहीं इन आरोपों में।
**राजीव अरोड़ा,** प्रदेश उपाध्यक्ष, कांग्रेस

निश्चित रूप से पूरी जांच होगी। रॉबर्ट वाड्रा की जमीन के मामले की जांच संभागीय आयुक्त से करवाने का तय भी हो चुका था, लेकिन चुनाव आ जाने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। जल्द ही फिर से सरकार इस मामले में काम शुरू करेगी।
**दिगम्बर सिंह,** प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा

# भंवरी मामले में सुनवाई टली

**जोधपुर.** बहुचर्चित भंवरी देवी मामले में अनुसूचित जाति-जनजाति मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश संजय कुमार का स्थानांतरण होने से सुनवाई टल गई। सुनवाई के दौरान पूर्व मंत्री महिपाल मदेरणा व पूर्व विधायक मलखानसिंह विश्नोई के अलावा अन्य आरोपी पेश हुए। आरोपी परसराम विश्नोई के अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई होनी थी और परसराम व मलखानसिंह की ओर से सीबीआई के लोक अभियोजकों की नियुक्ति को लेकर उठाए गए ऐतराज के सम्बन्ध में फैसला आना था। अदालत ने इस प्रकरण की सुनवाई अब 3 मई को मुकर्रर की है।

# दामिनी प्रकरण :अभियोजन पक्ष के गवाह पेश

**सीकर.** शहर में करीब पौने दो वर्ष पहले मासूम के अपहरण के बाद सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अब अभियोजन पक्ष की ओर से गवाह के बयान शुरू हो गए हैं। लोक अभियोजक मोहनसिंह मूंड ने बताया कि सीकर के रोडवेज बस स्टैण्ड से 20 अगस्त 2012 को 11 वर्षीय मासूम का जीप में अपहरण कर दो युवक ले गए। युवकों ने मासूम के साथ दुष्कर्म किया तथा गंभीर हालत में सड़क पर छोड़कर भाग गए। दामिनी का पहले जयपुर में तथा अब दिल्ली के एम्स में उपचार चल रहा है। दामिनी के अब तक 20 ऑपरेशन हो चुके हैं। मामले में सोमवार व मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से मेडिकल बोर्ड में शामिल दो चिकित्सकों के बयान हुए है।


असल मुद्दे छूटे | भाजपा-कांग्रेस में निजी हमले हुए तेज

# अब बेटी, दामाद पर सियासत

भाजपा और कांग्रेस के बीच निजी सियासी हमलों के चलते असल मुद्दे कहीं पीछे छूट गए हैं। रविवार को कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी ने रायबरेली में नरेंद्र मोदी को एक पुराने बयान पर घेरा तो भाजपा ने नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ वीडियो और 'दामादश्री' नाम से एक बुकलेट जारी कर डाली...

## 'दामादजी' बने सैकड़ों करोड़ के मालिक

**नई दिल्ली.** भाजपा ने आरोप लगाया कि सोनिया व राहुल के प्रोत्साहन के बिना प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा एक लाख की पूंजी से करोड़ों का साम्राज्य खड़ा नहीं कर सकते थे। वाड्रा पर 'दामाद श्री' नाम से जारी 8 मिनट की फिल्म और बुकलेट में बताया, 'सासू मां' ने दामाद को पूरी छूट दे रखी है और वाड्रा फर्जी लेन-देन कर रहे हैं।




कांग्रेस शासित हरियाणा और तत्कालीन राजस्थान सरकार ने वाड्रा को कारोबारी साम्राज्य को खड़ा करने में मदद दी है, वह 'शासकीय प्रोत्साहित पूंजीवाद' का उदाहरण है। सोनिया-राहुल इस पर रूख स्पष्ट करें।

**रविशंकर प्रसाद,** भाजपा

## '56 इंची सीना नहीं, दरियादिली चाहिए'



**रायबरेली.** प्रियंका गांधी ने नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए बिना नाम लिए कहा, देश चलाने के लिए 56 इंच चौड़े सीने की जरूरत नहीं है। इसके लिए दरियादिली चाहिए। भारत को एक व्यक्ति की उपलब्धियों का दिखावा नहीं दृढ़संकल्प चाहिए। नैतिकता चाहिए कि संस्कृति को बचाने के लिए खुद बलिदान देने से नहीं हिचकिचाए।

भाजपा बौखलाए चूहे की तरह दौड़ रही है। मुझे मालूम था चुनाव के एक-दो दिन पहले इनके झूठों का सिलसिला दोहराया जाएगा। इसमें कुछ नया नहीं है, इनको करने दीजिए... मैं इनसे नहीं डरती हूं।

**प्रियंका गांधी,** वाड्रा पर बुकलेट जारी होने के बाद बोलीं

# प्रियंका का चचेरे भाई वरुण पर हमला

***नई दिल्ली*** *. लोकसभा चुनाव में अब तक अमेठी व रायबरेली तक अपने को समेटे रखने वाली प्रियंका गांधी ने अपने चचेरे भाई और भाजपा महासचिव वरुण गांधी के खिलाफ तीखे बोल से राष्ट्रीय सियासत को गरमा रही हैं। फिलहाल वरुण गांधी प्रियंका के बयानों का सधे हुए शब्दों में जवाब दे रहे हैं। ये दीगर बात है कि इस चुनावी समर में पहले वरुण गांधी अपने बड़े भाई राहुल गांधी के अमेठी में किए कार्यों की प्रशंसा कर अपनी ही पार्टी के निशाने पर रहे हैं। भाई-बहन के बीच इस सियासी बोल के बीच वरुण गांधी की मां मेनका गांधी भी कूद चुकी हैं। उन्होंने प्रियंका को नसीहत देते हुए कहा था कि कौन सही रास्ते पर है ये समय तय करेगा।*

## परिवार के साथ किया विश्वासघात

### प्रियंका गांधी के तीखे बोल



जो वरुण ने किया वो हमारे परिवार के लिए विश्वासघात है। वरुण इस जंग में हमारे विरोधियों के साथ है।

वो मेरा भाई है, लेकिन रास्ता भटक गया है।

ये पारिवारिक चाय पार्टी नहीं, विचारधारा की जंग है। अपने बच्चे को भी माफ नहीं करती यदि उसने ऐसा किया होता।

### दीदी का गुस्सा क्यों

- प्रियंका वरुण के नाम पर उत्तरप्रदेश में मोदी की लहर के काट में जुटीं।
- जनता के बीच कांग्रेस के आक्रामक चेहरे के रूप में तेजतर्रार शैली को भुनाने की जुगत।
- भावी राजनीतिक मैदान तैयार करने की कवायद।

## मेरी सौम्यता को कमजोरी ना समझें

### वरुण गांधी का पलटवार

मेरी सौम्यता, पारिवारिक विरासत और बड़े दिल को मेरी कमजोरी न माना जाए।



मैंने कभी शालीनता की लक्ष्मण रेखा पार नहीं की है।

मैं संजय गांधी का बेटा हूं, मैंने वादा किया है कि मैं कभी परिवार या विरोधियों के खिलाफ नहीं बोलूंगा।


### भाई के सुर नरम क्यों

- कांग्रेस सुल्तानपुर में खिसकते जनाधार से बौखलाई। वरुण अनावश्यक विवाद में नहीं पड़ना चाहते।
- पूर्व में हिंदूवादी बयानों से उलट इस बार संयमित बयान देकर परिपक्व नेता के रूप में छवि बनाने की कोशिश।
- रोड शो में मोदी पोस्टर नदारद, कुछ मुद्दों पर नाराजगी।

# किन्नर लिंग की तीसरी श्रेणी में

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में किन्नरों को पुरुषों और महिलाओं के बाद लिंग के तौर पर तीसरी श्रेणी में रखे जाने के आदेश दिए हैं। साथ ही केंद्र व राज्य सरकारों को किन्नरों को सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े मानकर पहचान करने को कहा है। न्यायमूर्ति केएस राधाकृष्णन और न्यायमूर्ति एके सीकरी की पीठ ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की एक जनहित याचिका पर ये आदेश दिए। ऐसा पहली बार हुआ है, जब किन्नरों को औपचारिक रूप से तीसरे लिंग के रूप में पहचान मिली है।



### आदेश के मुख्य बिंदु

- शिक्षण संस्थाओं में दाखिले या नौकरी में किन्नरों की पहचान तीसरे लिंग के रूप में हो। ओबीसी श्रेणी में रखा जाए।
- किन्नरों को मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट व ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य सुविधाएं मुहैया हों।
- स्पेशल पब्लिक टॉयलट बनाए जाएं। किन्नरों के स्वास्थ्य की देखरेख के लिए विशेष विभाग बने।
- यदि कोई अपना सेक्स चेंज करवाता है, तो उसे उसके नए सेक्स की पहचान मिलेगी। इसमें कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता।
- किन्नरों के खिलाफ भादंसं की धारा 377 का गलत इस्तेमाल। इस पर लगे रोक।

# लोकपाल नियुक्ति पर जल्दबाजी नहीं

**नई दिल्ली .** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया कि वह लोकपाल और उसके सदस्यों की नियुक्ति को लेकर किसी जल्दबाजी में नहीं है। कोई तात्कालिक निर्णय नहीं होगा। सरकार ने संकेत दिया कि यह निर्णय अगली सरकार पर छोड़ा जा सकता है। स्वयंसेवी संस्था कॉमन कॉज ने जनहित याचिका दायर कर में लोकपाल की नियुक्ति प्रक्रिया पर ही रोक लगाने की मांग की थी। न्यायाधीश आरएम लोढ़ा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि इस संबंध में कोई अंतरिम आदेश जारी करने की जरूरत नहीं है। अगली सुनवाई पांच मई को होगी। गौरतलब है कि मीडिया में चर्चा थी कि सरकार ने 27 या 28 अप्रैल को सरकार लोकपाल चयन समिति की बैठक बुला रही है।

## भारतवंशी शेषाद्रि को पुलित्जर अवॉर्ड

**न्यूयॉर्क.** भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक विजय शेषाद्रि को वर्ष 2014 का पुलित्जर अवॉर्ड दिया जाएगा। उन्हें यह सम्मान अपने कविता संग्रह 'थ्री सेक्शन्स' के लिए कविता की श्रेणी में मिलेगा। इस सम्मान को हासिल करने वाले विजय भारतीय मूल के पांचवें व्यक्ति हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने इस अवॉर्ड का एलान किया।



## महंगाई बढ़ी, 5.7% हुई दर

**नई दिल्ली .** मुद्रास्फीति में गिरावट का सिलसिला टूट गया है। मार्च 2014 में आलू, प्याज, फलों और अन्य खाद्यों की बढ़ी कीमतों के चलते मुद्रास्फीति बढ़कर 5.7 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो तीन माह का उच्चतम स्तर है। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 9.9 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो इससे पिछले माह 8.12 प्रतिशत पर थी। थोक मुद्रास्फीति दिसंबर से गिरावट रही थी और फरवरी में घटकर नौ माह के न्यूनतम स्तर 4.68 प्रतिशत पर थी।

## नाइजीरिया में 200 छात्राएं अगवा

**आबुजा.** पूर्वोत्तर नाइजीरिया के बोरनो शहर में चिबोक स्थित स्कूल से इस्लामिक चरमपंथियों ने 200 छात्राओं का अपहरण कर लिया है। चरमपंथी स्कूल पहुंचे और छात्रावास की लड़कियों को चार ट्रकों में बैठने का आदेश दिया। पुलिस ने चिबोक में छात्रावास पर हुए चरमपंथी हमले की पुष्टि की है।

## वोट डाला तो 51 हजार जुर्माना

**मथुरा.** वोटिंग को बढ़ावा देने के लिए चुनाव आयोग भले ही कैंपेन चला रही हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में मथुरा के मंडोरा गांव में वोट देने वालों को पंचायत ने ना केवल समाज से बाहर कर दिया, बल्कि 51 हजार का जुर्माना भी लगा दिया।

## अजय राय को अंसारी का समर्थन

**वाराणसी .** कौमी एकता दल ने वाराणसी में कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय को समर्थन का फैसला किया है। कौमी एकता दल के बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी के भाई अफजल अंसारी ने मंगलवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

## अमरीका : सिख दंगों में कांग्रेस को राहत

**न्यूयॉर्क .** अमरीकी अदालत ने मंगलवार को सिख विरोधी दंगे मामले में सिख फॉर जस्टिस द्वारा कांग्रेस पार्टी के खिलाफ दायर मानवाधिकार उल्लंघन मुकदमे को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा, समूह के पास ऐसा मुकदमा दायर करने को लेकर कोई कानूनी आधार नहीं है और जो मामले अमरीका से जुड़े या उसकी चिंता का विषय नहीं हैं, उनकी सुनवाई यहां नहीं होगी।

## द. कोरिया के पीएम का इस्तीफा

**सियोल.** जहाज हादसे की त्रासदी के बाद द.कोरिया के प्रधानमंत्री चुंग हांग वॉन ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। चुंग ने हादसे की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ा है। उन्होंने कहा, उनका यह कदम एकदम सही है। (विस्तृत @ पेज 09)



## आईफा में छा गई भाग मिल्खा भाग




आईफा में रियल मिल्खा

**टैम्पा बे.** फिल्म 'भाग मिल्खा भाग' ने फिर अपना जलवा बिखेरा है। आईफा में फिल्म को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक समेत पांच पुरस्कार मिले। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब दीपिका पादुकोण को फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस में बेजोड़ अभिनय के लिए दिया गया।

स्वात्वाधिकारी न्यूज मीडिया टुडे के लिए मुद्रक व प्रकाशक मीना शर्मा द्वारा एम बी प्रिन्ट्स एफ 76 करतारपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर से मुद्रित तथा 23-24, सत्येन्द्र कॉलोनी, हटवाड़ा रोड, जयपुर से प्रकाशित फोन: 0141 -2502069 सम्पादक : मीना शर्मा (जयपुर संस्करण) उप संपादक विपुल कुमार शर्मा, मुख्य संपादक विकास कुमार शर्मा सम्पादकीय प्रभारी : सुरेशचंद शर्मा* सम्पादकीय सलाहकार : बीना शर्मा